अमर उजाला

बरेली

सोमवार, 15 अक्तूबर 2018

Page No. : 07

एसआर और विद्या भवंस के बीच होगा फाइनल

बरेली। एसआरएम एकेडमी में चल रही श्रीराममूर्ति इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप के रविवार को हुए पहले सेमी फाइनल में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सेंट फ्रांसिस ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 98 रन बनाए। एसआर इंटरनेशनल की तरफ से निखिल सक्सेना ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट लिए। एसआर की टीम ने 18.4 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते देव मूर्ति साथ में आदित्य मूर्ति। अमर उजाला

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने निखिल को दिया। दूसरा सेमीफाइनल मानस स्थली और विद्या भवंस के मध्य खेला गया। मानस स्थली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 92 रन बनाए। मानस स्थली की

श्री राममूर्ति इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप

ओर से हर्षदीप ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। विद्या भवंस की ओर से अश्वनी और ऋतिक ने दो-दो विकेट लिए। विद्या भवंस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16.2 ओवर में मैच जीतकर फाइनल में जगह बना ली। मैन ऑफ द मैच अवार्ड ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्या भवंस के गौरव पाठक को दिया।